12 अगस्त 2021

विशेष रिपोर्ट

# मसाले


अगस्त 2021



Moneywise. Be wise.


मसालों के वायदा कॉन्ट्रैक्टों में पिछले महीने कुछ बढ़ोतरी देखी गई है क्योंकि ज्यादातर राज्यों में लॉकडाउन प्रतिबंधों में ढील के बाद मांग धीरे-धीरे बढ़ रही है। वर्तमान में, हल्दी बुवाई के चरण में है, जबकि जीरा और धनिया दोनों रबी की फसलें हैं जिनकी पहले ही कटाई की जा चुकी है। कैलेंडर वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान, मसालों का निर्यात सामान्य रूप से सुस्त रहता है और कीमतें मुख्य रूप से स्थानीय और घरेलू मांग पर निर्भर करती हैं।

## हल्दी वायदा की कीमतों में मासिक बदलाव (%)





Source: Investing.com

## जीरा वायदा की कीमतों में मासिक बदलाव (%)




Source: Investing.com

## धनिया वायदा की कीमतों में मासिक बदलाव (%)





Source: Investing.com


# हल्दी वायदा (सितम्बर)

पिछले महीने जुलाई में, अधिकांश राज्यों को लॉकडाउन से खोलने के कारण काफी अच्छी घरेलू मांग को देखते हुए हल्दी वायदा की कीमतों में में बढ़ोतरी हुई है। हल्दी की निर्यात मांग आमतौर पर जुलाई के महीने के बाद सुस्त हो जाती है, इसलिए कीमतें मुख्य रूप से स्थानीय खपत पर निर्भर करती हैं। तुलनात्मक रूप से अधिक कीमतों के कारण इस वर्ष हल्दी का रकबा भी अच्छा है। वर्तमान में हल्दी की कीमतें स्थानीय बाजार में पिछले साल की कीमतों की तुलना में लगभग 30% अधिक हैं। पिछले साल जुलाई में हल्दी की कीमत 5700 के स्तर पर थी लेकिन इस साल यह 7300 के स्तर पर कारोबार कर रही है।

## हल्दी वायदा की कीमतों में मासिक बदलाव (%)




## जुलाई में हल्दी वायदा की कीमतों में बदलाव




| सपोर्ट 1 | सपोर्ट 2 | मध्य-बिन्दु | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 |
|---|---|---|---|---|
| **6950** | 7050 | 7300 | 7600 | 7700 |

हल्दी की कीमतों को तत्काल सपोर्ट 7050 और रेजिस्टेंस 7600 पर है। चार्ट पर रुझान नरमी का है। इसे 6900/6950 की ओर गिरावट के लिए 7050 के स्तर से नीचे टूटने की जरूरत है। यदि कीमतें 7600 से ऊपर बनी रहती है तो यह 7700/7780 के स्तर तक बढ़त दर्ज की जा सकती है। कुल मिलाकर, इस महीने में उच्च स्तर से बिकवाली का सुझाव है।


## हल्दी वायदा का सीजनल चार्ट



| | Jan | Feb | Mar | Apr | May | Jun | Jul | Aug | Sep | Oct | Nov | Dec |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021 | 10.63% | 26.67% | 2.26% | -8.08% | -0.08% | -6.23% | 0.79% | -1.76% | | | | |
| 2020 | -9.23% | 0.74% | -3.23% | -3.55% | -5.88% | 9.10% | 0.07% | 6.81% | -6.05% | 0.90% | -5.01% | 7.01% |
| 2019 | -5.07% | -1.94% | -3.03% | 5.82% | 8.23% | -8.38% | 6.18% | 0.42% | -9.14% | -0.23% | -7.01% | 15.52% |
| 2018 | -7.75% | -9.07% | 0.55% | 8.01% | -0.67% | 3.75% | -1.22% | -6.30% | -1.17% | 0.99% | -4.35% | 3.66% |
| 2017 | -0.06% | 1.75% | -8.70% | -3.50% | -12.15% | 19.84% | 18.07% | -2.79% | -0.05% | -3.39% | 10.04% | 0.80% |
| AVG | -2.30% | 3.63% | -2.43% | -0.26% | -2.10% | 3.50% | 4.78% | -0.72% | -4.10% | -0.44% | -1.58% | 6.65% |

स्रोत: रॉयटर्स

## हाजिर कीमतों का साप्ताहिक चार्ट




स्रोत: रॉयटर्स




smc Moneywise. Be wise.


# जीरा वायदा ( सितम्बर )

जुलाई में जीरा वायदा की कीमतों में कुछ रिकवरी हुई है, लेकिन अधिक स्टॉक, अधिक आवक और किसानों और व्यापारियों के पास पर्याप्त स्टॉक के कारण कीमतें थोड़ी गिरावट के साथ बंद हुई। कीमतें पिछले महीने 13800 के स्तर को छू गई लेकिन अच्छी आवक और कम निर्यात मांग के कारण कीमतों में गिरावट हुई। देश ने 2021 के पहले 4 महीने में 1 लाख टन से अधिक जीरा निर्यात किया, जो पिछले साल की तुलना में 71% अधिक है। अच्छे निर्यात के बावजूद किसानों और व्यापारियों के पास पिछले सीजन में अधिक कैरीओवर स्टॉक और अच्छे उत्पादन के कारण उनके पास अच्छी मात्रा में स्टॉक है। अगस्त-सितंबर में तुर्की और सीरिया से नया उत्पादन आएगा इसलिए भारतीय जीरे की मांग कम होगी। इसलिए आने वाले महीनों के दौरान कीमतों को स्थानीय मांग से ही मदद होगी। मौसमी आधार पर जीरा की कीमतें जुलाई-अगस्त के दौरान अधिकतम होती हैं और फिर धीरे-धीरे कम हो जाती हैं।

## जीरा वायदा की कीमतों में मासिक बदलाव ( % )




## जुलाई में जीरा वायदा की कीमतों में बदलाव




| सपोर्ट 1 | सपोर्ट 2 | मध्य-बिन्दु | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 |
|---|---|---|---|---|
| 12,578 | 12,932 | 13,308 | 13,662 | 14038 |

जीरा की कीमतों में इस सीजन में नरमी का रूझान में है और अप्रैल 2021 में 15000 के स्तर पर पहुंचने के बाद से लगातार गिर रहा है। जुलाई में कीमतें 12900 के निम्नतम स्तर पर लुढ़क गई थी जहां से यह 13700 के स्तर पर पहुंच गई है। इसलिए, वर्तमान में प्रमुख सपोर्ट 12900 के स्तर पर है जबकि रेजिस्टेंस 13700 पर है। वर्तमान में कीमतों को 13100 के करीब सपोर्ट मिला है और उस स्तर से ऊपर कारोबार कर रहा है। यदि कीमतें इस स्तर से नीचे टूटती है, तो कीमतें 12900 के स्तर पर पहुंच सकती हैं। अगर कीमतें मौजूदा स्तरों पर बना रहती है, तो हम 13,700 के रेजिस्टेंस स्तर की ओर बढ़त देख सकते हैं।


## जीरा वायदा का सीजनल चार्ट



| | Jan | Feb | Mar | Apr | May | Jun | Jul | Aug | Sep | Oct | Nov | Dec |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021 | 6.08% | 0.30% | 2.26% | -5.51% | -0.97% | -2.80% | -0.71% | -0.26% | | | | |
| 2020 | -13.20% | -2.98% | 3.25% | 1.45% | -5.48% | 0.70% | 3.44% | 0.89% | -3.58% | 5.35% | -4.56% | -8.26% |
| 2019 | -9.73% | -3.38% | 2.01% | 7.75% | 2.68% | -1.41% | 2.71% | -4.20% | 1.63% | -4.42% | -0.73% | -0.25% |
| 2018 | -23.65% | -9.89% | -2.52% | 8.44% | 2.89% | 14.20% | 9.16% | -4.83% | -2.34% | 9.70% | -9.47% | -5.12% |
| 2017 | 0.51% | -5.61% | 5.95% | 8.88% | -9.54% | 7.26% | 2.27% | 2.74% | -3.47% | -3.27% | 17.35% | -0.60% |
| AVG | -8.00% | -4.31% | 3.57% | 4.21% | -2.08% | 3.59% | 3.38% | -0.72% | -1.94% | 1.85% | 0.65% | -3.56% |

स्रोत: रॉयटर्स

## हाजिर कीमतों का साप्ताहिक चार्ट





स्रोत: रॉयटर्स


# धनिया वायदा ( सितम्बर )

मॉनसून के मौसम के कारण मंडियों में आपूर्ति प्रभावित होने से धनिया वायदा की कीमतें पिछले महीने बढ़त के साथ बंद हुई। लेकिन बाजार सूत्रों के अनुसार, व्यापारियों के पास स्टॉक पर्याप्त है और आने वाले हफ्तों में कीमतों में मांग के अनुसार बदलाव होगा। मसाला बोर्ड ने चालू वर्ष के दौरान धनिया का अधिक उत्पादन का अनुमान लगाया है। पिछले सीजन की तुलना में जनवरी-अप्रैल के दौरान धनिया का निर्यात 40% बढ़कर 19,700 टन हो गया है। मुख्य रूप से अच्छी निर्यात मांग के कारण इस मौसम में धनिया की कीमतों में लगभग 10-15% की वृद्धि हुई है।

## धनिया वायदा की कीमतों में मासिक बदलाव (%)




## जुलाई में धनिया वायदा की कीमतों में बदलाव




| सपोर्ट 1 | सपोर्ट 2 | मध्य-बिन्दु | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 |
|---|---|---|---|---|
| 6100 | 6,500 | 6,800 | 7400 | 7700 |


धनिया वायदा की कीमतों में पिछले 3 महीनों में गिरावट का रुख है और इसे 6825 के स्तर पर तत्काल सपोर्ट मिला है। यदि कीमतें इस स्तर से नीचे टूटती है, तो 6600/6500 की ओर गिरावट हो सकती है। चार्ट पर रेजिस्टेंस 7400 के स्तर पर देखा गया है। अगर कीमतें इस स्तर को पार करती है तो कीमतें 7600/7700 तक बढ़ सकती हैं। इस माह में कीमतों में बढ़ोतरी होने पर बिकवाली करें।

## धनिया वायदा का सीजनल चार्ट




स्रोत: रॉयटर्स

## हाजिर कीमतों का साप्ताहिक चार्ट



स्रोत: रॉयटर्स



Moneywise. Be wise.

| | | | |
|---|---|---|---|
| वंदना भारती | एवीपी कमोडिटी रिसर्च | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625 | **vandanabharti@smcindiaonline.com** |
| सुब्रोनिल डे | सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 674 | **subhranildey@smcindiaonline.com** |
| शिवानन्द उपाध्याय | रिसर्च एसोसिएट | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646 | **shivanand@smcindiaonline.com** |

**आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com**

Moneywise. Be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western
Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon
(East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।